ब्रेकिंग न्यूज...

मुठभेड़ के बाद भाग रह दो माओवादी गिरफ्तार

इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा

बारसूर इलाके के मंगनार इलाके में मुठभेड़ के बाद भाग रहे दो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें मादाड़ी थाना छोटेडोंगर निवासी बावन आयोम सप्लाई दमल, प्लाटून नं 16 का मेंबर है। इस पर दो लाख रूपए का ईनाम घोषित है। वहीं लक्ष्मण वट्टी बेड़मा थाना बारसूर निवासी रेंज कमेटी अध्यक्ष पर एक लाख रूपए का ईनाम है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को बारसूर के मंगनार-कोसलनार इलाके में फोर्स सर्चिंग के लिए निकली थी। इस दौरान घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभालते जवाबी कार्रवाई की। कुछ देर चली मुठभेड़ के बाद नक्सली जंगल का आड़ लेते भागने लगे। इस बीच जवानों ने पीछा कर भाग रहे दो नक्सली को दबोचने लेने में कामयाब रहे। एसपी डा. अभिषेक पल्लव के मुताबिक मुठभेड़ में आयतु, शोभी, संतोष, रंजीत, नीता, लखमू, कोसु, अनिल, सितु भी मौजूद थे, जो मुठभेड़ के बाद भागने में सफल रहे।

फल बहार नीलामी सात को

इम्पेक्ट न्यूज. बीजापुर

सहायक संचालक उद्यान द्वारा 2 मई को शासकीय नारियल प्रक्षेप पामलवाया के फल बहार की नीलामी रखी गई थी, किन्तु इच्छुक व्यापारी के उपस्थित नहीं होने से उक्त फल बहार नीलामी की तिथि 7 मई दोपहर 1 बजे से रखी गई है। इच्छुक व्यापारी उक्त तिथि को उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। नीलामी की शर्तें यथावत रहेगी।

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

इम्पेक्ट न्यूज. बीजापुर

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधक विभाग रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर ने सर्पदंश से जनहानि होने पर तहसीलदार भोपालपटनम एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम के जांच प्रतिवेदन अनुशंसा के आधार पर मृतक कोटरंगी बिक्कूबाई पति रामैया निकटतम वारिस कोटरंगी पिता चन्द्रैया निवास ग्राम गोटाईगुडा एवं स्व, सीताराम नाग पिता लल्लाराम नाग निकटमत वारिस शांतम्मा नाग पति स्व. सीमाराम नाग निवास फूत्तकेल तहसील उसूर को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

थल सेना भर्ती रैली का आयोजन 10 को

इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा

भारतीय थल सेना द्वारा बिलासपुर में 1 से 10 जून तक थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती रैली में शामिल होने इच्छुक युवाओं का ऑनलाइन पंजीयन आरंभ हो चुका है। भर्ती रैली में सम्मिलित होने वाले इच्छुक युवाओं का 16 मई तक पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी कार्यालयीन समय पर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। थल सेना भर्ती रैली के माध्यम से सैनिक सामान्य ड्यूटी, सैनिक तकनीकी, सैनिक नर्सिंग सहायक तथा सैनिक ट्रेडमैन के पदों पर योग्य ऊर्जावान अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीयन के लिए अभ्यर्थियों को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आदि होना अनिवार्य है।

बोलेरो बता वेगनआर का लगाया बिल, कंडम 207 से बताया मच्छरदानी सप्लाई करना

मॉनिटरिंग व सुपरविजन के नाम पर फर्जी बिल लगा सरकारी राशि का आहरण

विभागीय योजनाओं को मटियामेट कर हितग्राहियों को उनके हक से महरूम कर शासकीय राशि का दुरुपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। यहां हितग्राहियों को मच्छरदानी वितरण और इस योजना में मॉनिटरिंग के नाम पर वाहन का फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि आहरित करने का मामला आरटीआई से उजागर हुआ है.

इम्पेक्ट न्यूज. कोण्डागांव

आरटीआई कार्यकर्ता बिरज नाग को सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से खुलासा हुआ है कि बीएमओ कार्यालय कोंडागांव स्वास्थ्य केंद्र से गाँवों तक पहुंचाने व इसके मॉनिटरिंग के नाम पर जिन वाहनों का प्रयोग करना बताया जा रहा है, उसमें अनियमितता साफ तौर पर नजर आ रही है। मच्छरदानी सप्लाई व मॉनिटरिंग के नाम पर अनियमितता का अंदेशा इसी से लगाया जा सकता है कि जिस बोलेरो वाहन से मॉनिटरिंग करना विभागीय अधिकारी बता रहे हैं। वह नंबर आरटीआई से बिल व्हाउचर प्राप्त करने के बाद जांच में वह नंबर सीजी17-सी-1022 वेगनआर का निकला। वहीं जिस वाहन से मच्छरदानी ग्रमीण इलाकों तक सप्लाई करना बता रहे हैं, वह वाहन टाटा 207 क्रमांक ओआर-10-डी-3467 है। इस वाहन का फिटनेस 19 जून 16 में ही समाप्त हो चुका है। वहीं सबसे बड़ी अनियमितता की बात यह है कि एनआरएचएम के तहत बाकायदा निविदा आमंत्रित कर वाहनों को शासकीय योजनाओं के संचालन में उपयोग किया जाता है। इसमें रेहान ट्रेवल्स से निविदा के बाद अनुबंध किया गया है।

आरटीआई से खुलासा

वहीं उसके जगह पर प्रेम डाबी ट्रांसपोर्ट का बिल लगा कर शासकीय राशि का आहरण करना वित्तीय अनियमितता को दर्शाता है। अब यह जांच का विषय है कि जिन योजनाओं को सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना चाहता है। उन योजनाओं का लाभ शासन के नुमाइंदे हितग्रहियों तक पहुंचाते भी हैं या योजनाएं केवल फाइलों व कागजों तक ही सिमट कर रह जाती है।

> **मुझे मामले की जानकारी नहीं है। आपके माध्यम से जानकारी मिली है। अगर किसी प्रकार की कोई अनियमितता हुई होगी तो जांच करवा कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।**
>
> **डा. वीरेंद्र ठाकुर**
> **सीएमएचओ, कोंडागांव**

अरुणिमा सिंह ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर बनाया प्रथम स्थान

इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट का परीक्षाफल गुरूवार को घोषित हुआ। इसमें लौह नगरी किरंदुल स्थित केंद्रीय विद्यालय में गणित समूह की मेधावी छात्रा अरुणिमा सिंह ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित करते पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नर्सरी एवं प्राथमिक स्तर से ही अत्यंत प्रतिभाशाली रही अरुणिमा ने स्थानीय भारत माता विद्यालय में नर्सरी, प्रकाश विद्यालय में प्राथमिक से हाईस्कूल तक कि शिक्षापार्जन पश्चात केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में कक्षा11 से अध्ययनरत थी। पढ़ाई के साथ-साथ नृत्य की विधा में पारंगत अरुणिमा को विगत वर्ष

उनके शानदार नृत्य कौशल के लिए वार्षिकोत्सव में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया था। अत्यंत अनुशासित छात्रा, आध्यात्मिक धार्मिक विचारधारा के अरुणिमा सिंह के पिता एके सिंह एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में कार्यरत हैं एवं मेटल माइन वर्कर्स यूनियन (इंटक) के सचिव पद दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। माता नीति सिंह स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में शिक्षिका हैं। अरुणिमा सिंह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बड़ी मां डा. मांडवी सिंह तथा केव्ही के प्राचार्य बीसी द्विवेदी, शिक्षिका कंचन सिंह, शिक्षक डा. अनिलकुमार पांडेय समेत समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को देती हैं। अरुणिमा आगे इंजीनियरिंग करने के पश्चात आईएएस का लक्ष्य हासिल करना चाहती हैं। उसकी इस उपलब्धि पर एनएमडीसी के उच्चाधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करते बधाई संदेश प्रेषित की गई है।

समरकैंप में बच्चे सीख रहे धनुर्विद्या

इम्पेक्ट न्यूज. कोण्डागांव

मड़ानार में आयोजित समरकैंप में बच्चे गर्मियों की छुट्टी का सदुपयोग कर रहे हैं। शिक्षक शिवचरण साहू के मार्गदर्शन में चले रहे समरकैंप में यहां के प्रतिभागियों को पारंपरिक खेलों को और बेहतर तरीके से तराशा जा रहा है। इसमें तीरदांजी, कबड्डी, खो-खो, दंड चालन समेत अन्य विद्याएं शामिल हैं। वहीं बच्चे भी इन खेलों में उत्साह से हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा निखारने में जुटे हैं। शिक्षक शिवचरण अपने खर्चे पर पिछले कई वर्षो से समरकैंप आयोजित करते आ रहे हैं। उन्होंने अब बच्चों को धीरे-धीरे शहरों की तरह प्रशिक्षण दे रहे हैं। शिविर की शुरूआत ग्रामीणों व प्रतिभागियों की मौजूदगी में हुआ।

31 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रोजाना ग्रामीण बच्चे बिना बुलाए ही स्कूल परिसर में पहुंच जाते है। उन्हें यहॉ प्रशिक्षक उन्हें सिखाने में कोई कमी नहीं करते। इस दौरान हीरला चुरेंद्र, नीरज ठाकुर, रमानंद मंडावी, सतीश कुमार, हीरा साहू समेत अन्य मौजूद थे।

बस्तानार ब्लाक में गीदम से वैकल्पिक लाइन से होगी बिजली आपूर्ति

बास्तानार में कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा

बास्तानार ब्लाक में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते कलेक्टर डा. अय्याज तम्बोली ने बड़े किलेपाल स्थित जनपद पंचायत में आयोजित सरपंच-सचिवों की बैठक में क्षेत्र में किए जा रहे ग्रामीण विद्युतीकरण, पेयजल सहित निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की समीक्षा की।

इम्पेक्ट न्यूज. जगदलपुर

उन्होंने आश्रम-छात्रावास और विद्यालयों के संचालन के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ब्लाक में किए जा रहे ग्रामीण विद्युतीकरण की जानकारी ली और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बास्तानार क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिए जगदलपुर से एकमात्र लाईन होने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में होने वाले अवरोध को दूर करने गीदम से वैकल्पिक लाईन लेने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता अनुसार उच्च क्षमता के उपकरण लगाने के निर्देश भी दिए। मुतनपाल क्षेत्र में किए गए विद्युतीकरण कार्य के लिए लंबित मजदूरी का भुगतान तत्काल करने के निर्देश उनहोंने दिए। कलेक्टर ने मुतनपाल अस्पताल में पेयजल की समस्या पर नजदीकी स्कूल से पाईपलाईन बिछाकर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। कोड़ेनार में नलजल योजना को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। वहीं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि पाईपलाईन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ओवरहेड टंकी बनाने का कार्य चल रहा है। इसे चार माह के भीतर पूर्ण करने की जानकारी दी गई। खड़कापारा में लालपानी समस्या के निराकरण के लिए सोलर पंप स्थापित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि कोड़ेनार से कुमापारा तक सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है तथा आदर्श आचरण संहिता की प्रभावशीलता समाप्त होते ही सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा आदि योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने यहां शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों की भी बैठक ली। उन्होंने सभी शिक्षकों को शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी शिक्षकों को कार्यालयीन अनुशासन बनाए रखते समय पर स्कूल का संचालन करने के साथ ही रुचिपूर्वक अध्यापन कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर जगदीश सोनकर, जिपं सीईओ प्रभात मलिक, एसडीएम माधुरी सोम समेत अन्य मौजूद थे।

विचाराधीन बंदी के मृत्यु की होगी दंडाधिकारी जांच

जगदलपुर। केंद्रीय जेल में सुकमा के साकलेर थाना किष्टाराम निवासी विचाराधीन बंदी सोढ़ी हुंगा पिता स्व. जोगा की मेकाज में उपचार के दौरान 28 मार्च को हुई मृत्यु की दंडाधिकारी जांच की जाएगी। कलेक्टर डा. अय्याज तम्बोली ने इस घटना की जांच के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी माधुरी सोम को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। सोढ़ी हुंगा की मृत्यु की परिस्थिति के साथ ही घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी के संबंध में भी जांच की जाएगी।

शाखा प्रबंधक के निष्क्रियता से कर्मचारी लापरवाहः ताती

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिपं सदस्य बसंत राव ताटी ने भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर किया है। जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि शाखा प्रबंधक की निष्ि यता के कारण कर्मचारी लापरवाह हो गए हैं। शाखा प्रबंधक का अधीनस्थों पर कोई नियंत्रण नहीं है।

इम्पेक्ट न्यूज. बीजापुर

बैंक में आए दिन उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं आम हो गई है। पैसों की लेन-देन अथवा अन्य कार्यों को लेकर बैंक पहुंचे उपभोक्ताओं के साथ भी कर्मचारियों का उचित व्यवहार नहीं है। स्टाफ की कमी की वजह से भी उपभोक्ता परेशान रहते हैं। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा भोपालपटनम शहर में संचालित एकमात्र एटीएम भी बीते दो माह से बंद है। एटीएम बंद होने से सुदूर अंचलों के उपभोक्ताओं को पैसों की लेन-देन में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। लंबी दूरी तय कर भोपालपटनम पहुंचने के उपरांत एटीएम अथवा बैंक से पैसों की लेनदेन में हो रही परेशानी को लेकर भी क्षेत्रीय जनता में आक्रोष देखा जा रहा है। उन्होंने ने यह भी कहा कि बैंक कर्मी अपनी मर्जी के मुताबिक ही कामकाज करते हैं। कभी लिंक फेल होने का बहाना बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। भोपालपटनम में एसबीआई ने ग्राहक सेवा केंद्रों की स्थापना भी की है, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इन केंद्रों को अपने नियंत्रण में नहीं रखा गया है। यहां भी

उपभोक्ताओं का खुलकर शोषण किया जा रहा है। ग्राहक सेवा केंद्रों में उपभोक्ताओं से पैसों के लेन-देन के नाम पर मनमानी कमीशन ली जाती है। जिपं सदस्य ने कहा कि जगदलपुर एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय में रीजनल मैनेजर द्वारा समय-समय पर क्षेत्र का दौरा नहीं किए जाने से बैंक की स्थानीय शाखाओं में अव्यवस्थाओं का अंबार लगा है। उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी को मद्देनजर रखते बैंक प्रबंधन को चाहिए की बंद पड़े एटीएम को तत्काल प्रारंभ कराते बैंक में कार्यरत कर्मचारियों को अपने नियंत्रण में रखें। ताकि बैंक पहुंचे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और बैंक के प्रति लोगों का विश्वास कायम रहे।

बच्चों सहित गर्भवती एवं पोषक माताओं को लक्षित सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की सयुंक्त समीक्षा बैठक

इम्पेक्ट न्यूज. दंतेवाड़ा

जिले में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों, गर्भवती एवं पोषक माताओं के लिए लक्षित सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करने की दिशा में दोनों विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर सेवाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जनहितकारी योजनाओं का कारगर ढंग से क्रियान्वयन कर जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने संबंधित विभाग की सयुंक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने लक्षित आयु वर्ग के बच्चों समेत गर्भवती और पोषक माताओं की स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा इन बच्चों और माताओं को पोषण आहार की सुलभता के बारे में विस्तृत जानकारी ली और निर्देशित किया कि उक्त बच्चों और माताओं को निर्धारित सेवाएं उपलब्ध कराने सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इस दिशा में दोनों विभागों के मैदानी अमला नियत मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित कर सेवाओं को सुलभ कराने गंभीरता के साथ पहल करें। उन्होंने नीति आयोग के द्वारा आकांक्षी जिलों के लिए निर्धारित

स्वास्थ्य सूचकांक को हासिल करने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मिलजुलकर दायित्व निर्वहन करने निर्देशित किया।

इसके लिए लक्षित आयु वर्ग के बच्चों समेत गर्भवती एवं पोषक माताओं को दी जाने वाली सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने कहा। कलेक्टर ने कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए सकारात्मक पहल करने पर बल देते निर्देशित किया कि इन बच्चों समेत माताओं को निर्धारित सेवाएं सुलभ कराने से कुपोषण नियंत्रण में आशाजनक सुधार परिलक्षित होगा। उन्होंने गर्भवती माताओं का पंजीयन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श सेवाएं, टीकाकरण के अलावा पोषण आहार की सुलभता सुनिश्चित करने सार्थक प्रयास किए जाने कहा। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं तथा उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव के बारे में समझाईश देकर संबंधित गर्भवती माताओं को अनिवार्य रूप से संस्थागत प्रसव सुविधा उपलब्ध कराने निर्देश दिया। बैठक में जिपं सीईओ सच्चिदानंद आलोक समेत सीएमएचओ डा. एचएल ठाकुर, सिविल सर्जन डा. एके नायक, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेंद्र सिंह ठाकुर के अलावा विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, बीएमओ समेत मैदानी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। अंदरूनी इलाके के जिन उप स्वास्थ्य केंद्रों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया जाना था, उन उप स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं आगामी 31 मई तक उपलब्ध कराने कहा।

इससे इन उप स्वास्थ्य केंद्रों पर भी संस्थागत प्रसव सुविधा सुलभ कराया जा सके। कुपोषण को दूर करने समन्वित पहल पर बल देते निर्देशित किया कि जो चिन्हित कुपोषित बच्चे हैं, उन्हें पूरक पोषण आहार सुलभ कराने के साथ ही घर पर भी बेहतर देखरेख करने माता-पिता और अभिभावकों को समझाईश दी जाए। ऐसे बच्चों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध साग-सब्जी तथा फल खिलाने अभिभावकों को बताया जाए। वहीं गम्भीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उपचार कराया जाए। कलेक्टर ने दोनों विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो लक्ष्य नियत किया गया है उसे हासिल करने समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से काम करें। उन्होंने जिले में किशोरियों और महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण की जानकारी देते कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की किशोरियों और महिलाओं को स्वच्छता और साफ सफाई के बारे में समझाईश देकर उन्हें सेनेटरी नेपकिन उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

सूचना मिलते ही प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते रोका बाल विवाह

इम्पेक्ट न्यूज. कोण्डागांव

बेनूर अंतर्गत बनजुगानी में बाल विवाह की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की जिला बाल संरक्षण ईकाई महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त दल द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में बाल विवाह रोकने की कार्यवाही की गई। बनजुगानी में बाल विवाह की तैयारी थी। दल द्वारा विवाह स्थल पहुंचकर दस्तावेजों कीजांच की गई। इसमें युवक-युवती दोनों की आयु विवाह के लिए निर्धारित आयु से कम पाई गई। दोनों के परिवार के सदस्यों को समझाईश देकर पंचनामा तैयार किया गया एवं परिजन एवं उपस्थित ग्रामीणों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों को विस्तार से बताया गया।

वहीं माता-पिता से शपथ पत्र लिया गया कि विवाह के लिए निर्धारित आयु जब तक पूरी नहीं हो जाती तब तक विवाह नहीं करेंगे। दल में अध्यक्ष नरपतीराम पटेल एवं सदस्य जयप्रकाश यादव, जयदीप नाथ संरक्षण अधिकारी, उप निरिक्षक सिंह, पर्यवेक्षक कल्याणी विश्वास, योगेश श्रीवास, आउटरीच वर्कर माधुरी उसेंडी एवं बिंगूराम कोर्राम मौजूद थे।

स्वामी एम्बिशस् प्रिंटर्स के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक विनोद सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग मोवा, रायपुर छग से मुद्रित एवं टेंपल काम्प्लैक्स-13, मेन रोड दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित, संपादक-सुरेश महापात्र* पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।